पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मई 2022 पेज 8

हमारा दून

विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की 113.34 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करते हुए सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### आवासीय स्पेयर हैड प्रशिक्षण 26 मई से

**संवाददाता** देहरादून। जिला युवा अधिकारी एम टोलिया ने अवगत कराया है कि नेहरू युवा केन्द्र, देहरादून, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 26 मई से 01 जून तक रूलक सभागार राजपुर रोड देहरादून में नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत 50 युवाओं की जिला स्तरीय आवासीय स्पेयर हैड प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ 26 मई को 11.30 बजे पूर्वाहन में क्षेत्रीय विधायक खजान दास पदमश्री अवधेश कौशल एवं राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन उत्तराखण्ड उमेश साहनी के द्वारा किया जाएगा।

### यूकेडी के विरोध के चलते एफआरआई की भर्ती निरस्त

**संवाददाता** देहरादून। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून में एमटीएस के पदों पर हुई भर्तियां निरस्त हो गई हैं। गौरतलब है कि भर्ती घोटाले की भनक लगते ही उत्तराखंड क्रांति दल ने यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में जमकर विरोध प्रदर्शन किया था तथा भर्ती को निरस्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की भी मांग की थी। इसका संज्ञान लेते हुए फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने यह भर्तियां कैंसिल कर दी हैं। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए भी खेद व्यक्त किया है।

### पत्नी ने की प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या, गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना रायवाला क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व हुई एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। हत्या के आरोप में उसकी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। घटना के रोज इस व्यक्ति की मौत को उसकी पत्नी ने बीमारी के कारण होना बताया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि इस व्यक्ति की मौत स्वाभाविक नहीं थी, बल्कि हत्या थी। बुधवार की सुबह दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व को बनाएगी संस्कारवानः भारती

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कथा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक प्रकल्प बोध (नशा उन्मूलन अभियान) को समर्पित है। इस महान ज्ञानयज्ञ का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा से किया गया। कथा के प्रथम दिवस भागवताचार्या महामनस्विनी विदुषी आस्था भारती ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इस पवित्र नगरी में आने का सुअवसर मिला है।

# स्मार्ट सिटी योजना को बनाया जाय व्यवहारिक

**समीक्षा**

■ कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के सम्बन्ध में विधान सभा में बैठक ली

■ विभिन्न योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा शहरी विभाग के अन्तर्गत देहरादून स्मार्ट सिटी के सम्बन्ध में विधान सभा में बैठक ली। विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, विधायक राजपुर खजान दास, विधायक कैंट सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा की उपस्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में मंत्री ने आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी योजना को व्यवहारिक बनाया जाय। उन्होने स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में निर्देश दिया गया कि विभिन्न योजना को कितने नागरिक उपयोग कर रहे है, इस सम्बन्ध में डाटा उपलब्ध कराया जाय और इस सम्बन्ध में नागरिकों को जागरूक किया जाय। उन्होने स्मार्ट सिटी का आधुनिकीकरण और उच्चीकरण करने का निर्देश दिये। इस मिशन में 24 घण्टे बिजली, पानी और सालिड बेस्ट मैनेजमेन्ट की सुविधा दी जायेगी।

अभी तक स्मार्ट स्कूल, वाटर एटीएम, ई कलक्टेट, इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल कमाण्ड सिस्टम परियोजना पूर्ण हो चुकी है तथा डीआईसीसी के माध्यम से 500 सीसीटीवी कैमरो, स्मार्ट टायलेट, दून लाईब्रेरी, स्मार्ट जल आपूर्ति संर्वद्धन का कार्य चल रहा है। घण्टा घर से दिलाराम चौक, बहल चौक से आराधार, प्रिंस चौक से आराघर, घण्टा घर से किसान नगर मार्ग पर स्मार्ट सिटी के प्रस्तावित कार्य चल रहे है। यहाँ पर मल्टी यूटीलिटी डक, ड्रैनेज, सीवर और जल आपूर्ति के कार्य होने है।

उन्होने कहा कि पलटन बाजार में पैदल यात्रीकरण में 49 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 10 इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन किया जा रहा है तथा 05 बसों का संचालन जून से प्रथम सप्ताह तक शुरू किया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग द्वारा सफाई की 42 मशीनें नगर निगम को उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होने कहा कि 206

### स्मार्ट पोल का कार्य दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश

पीपीपी मोड पर स्मार्ट पोल का कार्य दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियो को दिये। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत परेड ग्राउण्ड में जो कार्य किये जा रहे है वहाँ 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुके है।

टयूबबैल को अपग्रेड किया जा रहा है। नगर निगम को 02 जटायु मशीन, 02 स्वीपिंग मशीन, 01 कॉम्पैक्टर, 02 ड्रैन क्लीनिंग मशीन, उपलब्ध कराई गयी है। 02 कॉम्पैक्टर, 20 हाकर टीपर, 20 ई कार्टेज, की मशीने 05 जून तक दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत कार्य कर रही एजेन्सी के ठेकेदार की लापरवाही के कारण उन पर एफ आई आर दर्ज की गई है। स्मार्ट सिटी के समस्त कार्यों की आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, विधायक राजपुर खजान दास, विधायक कैंट सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, आयुक्त गढवाल सुशील कुमार, जिलाधिकारी/सीईओ स्मार्ट सिटी देहरादून आर राजेश कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कम्युनिकेशन और इन्फोर्मेशन के लिए तैयार किया जाए प्लान

**बैठक**

■ सीएस ने चारधाम के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के डीएम के साथ की बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को भीड़ प्रबन्धन हेतु श्रद्धालुओं को विभिन्न स्थानों पर रोके जाने के निर्देश दिए, साथ ही आवश्यकता के अनुसार फिजिकल बैरियर भी लगाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिलाधिकारियों को कैरिंग कैपेसिटी से अधिक लोगों को आगे न जाने देने की बात भी कही। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने स्तर पर लोकल प्लान बनाते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कम्युनिकेशन और इन्फोर्मेशन के लिए प्लान तैयार किया जाए कि चारधाम परिसर में कैरिंग कैपेसिटी फुल होने के बाद व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं को निचले पढ़ावों में रोका जा सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि बारिश और बर्फबारी से श्रद्धालुओं को बचाने हेतु शेड आदि की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने चारों धामों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही कूड़ा निस्तारण और इसकी लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। कूड़ा निस्तारण, बिजली, पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं हेतु कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन किया जा रहा है या नहीं इसके लिए थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की जाए या अलग से सोर्स ऑफ इनफॉर्मेशन विकसित किया जाए ताकि सही जानकारी मिल सके।

### मुख्य सचिव ने सेंटर आफ एक्सीलेंस की तर्ज पर कार्य करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) की संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को फॉरेस्ट फायर पर विशेष ध्यान देते हुए प्रदेश को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट फायर प्रोटेक्शन कार्यों के लिए वन पंचायतों का सुदृढ़ीकरण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना के तहत प्राकृतिक वनों के संरक्षण एवं जल श्रोतों के संवर्द्धन, वन्य जीवों के प्राकृतिक आश्रय स्थल के संरक्षण, पारिस्थितिकीय संतुलन एवं पर्यावरण सेवाओं की उपलब्धता में वृद्धि के प्रयासों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इससे पर्यटकों को प्रदेश ने एडवेंचर टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।